अपराधियों पर रखें कड़ी नजर, करें सख्त कार्रवाई

- पुलिस कार्यालय में किया गया अपराध गोष्ठी का आयोजन
- पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था को लेकर दिए जरूरी निर्देश

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक की ओर से शनिवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन पुलिस कार्यालय सभागार में हुआ। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने सबसे पहले गोष्ठी में विभिन्न थाना व शाखा से आए पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही संबंधित अधिकारियों को समस्या के निराकरण के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने बीट पुलिस आरक्षियों से चुनाव की तैयारियों को लेकर बीट क्षेत्र के बारे में जानकारी ली। जिसमें भिनगा क्षेत्र से आरक्षी संजीव भारती, आरक्षी राजू सिंह की ओर से क्षेत्र के सक्रिय अपराधियों व क्षेत्र में स्थित मतदान केन्द्रों के विषय में सटीक जानकारी दी गई। सभी अधिकारी व कर्मचारियों से सक्रिय रहकर संवेदनशील मतदान केन्द्र के साथ साथ सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने के लिए निर्देश दिया।